## युवक के हमले में वृध्दा गंभीर

डाबुगां 06 जनवरी (सन्यूस) डाबुगां पुलिस थाना अंतर्गत चेपटीआंब गांव में गत दिवस लूटपाट की नियत से युवक के व्दारा किये गये जानलेवा हमले में एक वृध्दा गंभीर रुप से घायल हो गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चेपटीआंब गांव निवासी चंपा बेहेरा 65 वर्ष नामक वृध्दा ने गत 3 जनवरी की रात्रि करीब नौ बजे रात्रि भोजन के बाद घर पास के खलिहान में सो रही थीकि इसी गांव के कृष्ण हरिजन 22 वर्ष नामक युवक ने सोते हुए वृध्दा के सिर पर किसी धारदार हथियार से वार कर दिया। जिससे वृध्दा चंपा नींद से जागकर चिल्लाने लगी तो युवक ने पुनः उस पर वार कर वृध्दा के नाक में पहने सोने के नथ को खींच कर फरार हो गया। वृध्दा ने हमलावर युवक को पहचान ली थी। वृध्दा की चिल्लाने की आवाज सुन उसका पुत्र धनेश्वर बेहेरा खलिहान में पहुंच कर गंभीर रुप में घायल वृध्दा को तुरंत उपचार हेतु डाबुगां के सामुदायिक चिकित्सालेय में भर्ती कराया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार हेतु उसे नवरंगपुर के जिला मुख्य चिकित्सालय में रेफर कर दिया है।

उक्त घटना के संबंध में प्रार्थी धनेश्वर बेहेरा के व्दारा डाबुगां के थाने में प्राथमिकी दर्ज कराये जाने पर पुलिस ने आरोपी कृष्ण हरिजन को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ करने के साथ ही उससे दो नग सोने की नथ को बरामद कर ली है। सहायक उपनिरीक्षक रंकनिधि साहू ने इस संबंध में प्रकरण क्रमांक 2/19 कायम कर मामले की विवेचना कर रहे हैं।

### रोजगार की तलाश में अन्य राज्य जा रहे नाबालिग लड़कियों को पुलिस ने वापस गांव भेजे

डाबुगां 6 जनवरी (सन्यूस) रोजगार की तलाश में अन्य राज्य पलायन कर रहे आठ नाबालिग लड़कियों को गत दिवस डाबुगां पुलिस ने वापस उनके घरों में भेज दिया है।

सूत्रों से बताया गया है कि पापड़हांडी ब्लाक के नुआकोट गांव निवासी सुवाष हरिजन नामक दलाल ने ब्लाक अंतर्गत विभिन्न गांवों में घूम घूम कर लोगों को अन्य राज्यों में ले जाकर रोजगार दिलाने तथा अधिक मजदूरी दिलाने का झांसा देता है। उसके झांसे में आकर कई लोगों ने रोजगार की तलाश में अन्य राज्यों में पलायन कर चुके हैं। इसी क्रम में डाबुगां पुलिस थाना अंतर्गत बोरिगांव के दो घुसुरबेड़ा के एक कुरुपा से एक गोटीबेड़ा के एक एवं सिंगसारी समीपस्थ कुना गांव के तीन समेत कुल आठ नाबालिग लड़कियों ने रोजगार की तलाश में बंगलुरु, पलायन करने के फिराक में थे। इन नाबालिग लड़कियों ने डाबुगां के चारिचौक के पास बस की इंतजार में खड़े थे कि उन पर डाबुगां पुलिस की नजर पड़ी। पुलिस ने उनसे पूछताछ करने पर लड़कियों ने रोजगार की तलाश में बंगलुरु जाने की बात कही, जिससे पुलिस ने सभी लड़कियों को थाने में ले जाकर तथा उनके परिजनों को बुला कर उनके गांव वापस भेज दिया है। दूसरी ओर दलाल सुवाष हरिजन एवं अन्य कुछ मजदूरों ने पुलिस को देख मौके से फरार हो गये।

### वचन.पत्र का एक और वचन पूरा

भोपाल 06 जनवरी (ए) ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह ने बताया है कि वचन.पत्र में उल्लेखित कृषि एवं घरेलू प्रयोजन के विद्युत संबंधी झूठे प्रकरणों को वापस लेने के संबंध में जरूरी कार्यवाही करने के निर्देश विद्युत वितरण कम्पनी के प्रबंध संचालकों को दे दिये गये हैं। निर्देशों में कृषि एवं घरेलू कनेक्शन पर विद्युत अधिनियम.2003 की विभिन्न धाराओं में दर्ज लम्बित न्यायालयीन प्रकरणों की कम्पनी स्तर पर समीक्षा कर गलतध्छूठे न्यायालयीन प्रकरणों को चिन्हित कर उन्हें वापस लेने की कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया है। की गई कार्यवाही से ऊर्जा विभाग को अवगत करवाने को भी कहा गया है।

### भोपाल जिले के लिये स्थानीय अवकाश घोषित

भोपाल 06 जनवरी (ए) राज्य शासन ने भोपाल जिले के लिये स्थानीय अवकाश घोषित कर दिये हैं। कैलेण्डर वर्ष 2019 के लिये चार स्थानीय अवकाश की घोषणा की गई है। भोपाल जिले में स्थित समस्त शासकीय कार्यालयों संस्थाओं के लिये जो स्थानीय अवकाश रहेंगे उनमें रंग.पंचमी 25 मार्च गणेश चतुर्थी 2 सितम्बर दीपावली का दूसरा दिन 28 अक्टूबर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त भोपाल गैस त्रासदी स्मृति दिवस 3 दिसम्बर शामिल है। गैस त्रासदी स्मृति दिवस का स्थानीय अवकाश सिर्फ भोपाल शहर के लिये रहेगा।

### विधानसभा कार्य में गतिरोध पैदा करने वालों पर लगाम कसेगी सरकार, काट सकता है भत्ता

भोपाल 06 जनवरी (ए) मध्य प्रदेश विधानसभा के कार्य में गतिरोध पैदा करने वालों पर सरकार लगाम कसने की तैयारी में है। विस में हंगामा करने वाले विधायकों का उस दिन का भत्ता भी कटा जा सकता है। विधानसभा का सत्र सात जनवरी से शुरू होगा। कांग्रेस की नई सरकार जोरदार तैयारी से सत्र में उतरेगी। दरअसल चुनावों के दौरान कांग्रेस ने जनता के लिए जवाबदेही तय करने का वादा किया था। पिछली सरकार में हंगामे के कारण बजट सत्र में बिना चर्चा के बजट पास हुआ था। इसी क्रम में संसदीय कार्य मंत्री गोविंद सिंह का कहना है कि जो विधायक सदन नहीं चलने देते उनका दिनभर का भत्ता काटने को लेकर चर्चा चल रही है। गोविंद सिंह ने कहा कि 1990 में जब विधायक था तब ऐसा नहीं होता था।

## ये वक्त है बदलाव का, किसानों को उन्नत और समृद्ध बनाने का- कृषि मंत्री

**कृषि मंत्री ने राज्य कृषि विपणन बोर्ड अध्यक्ष का कार्यभार संभाला**

भोपाल 06 जनवरी (ए) कृषि मंत्री सचिन यादव ने आज शाम मण्ण्प् राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण किया। श्री यादव ने कार्यभार ग्रहण के बाद संभागवार सभी मण्डियों की समीक्षा करते हुए कहा कि श्इशे वक्त है बदलाव का किसानों को उन्नत और समृद्ध बनाने का। हम दृढ़.संकल्पित हैं प्रदेश के किसानों के हित में वचन.पत्र के सभी बिन्दु पर त्वरित और प्रभावी कदम उठाने के लिए हश्। उन्होंने कहा कि सभी के समन्वित प्रयास से ये कदम सार्थक हो सकेंगे।

कृषि मंत्री श्री यादव को प्रमुख सचिव कृषि डॉण् राजेश राजौरा तथा प्रबंध निदेशक फैज़ अहमद किदवई ने बोर्ड द्वारा संचालित सभी गतिविधियों से अवगत कराते हुए अधिकारियों का परिचय भी कराया। मंत्री श्री यादव ने कहा कि प्रदेश के किसान मण्डियों में उपज विक्रय के लिये आतेंए तो उन्हें कोई कठिनाई न हो और वे अच्छा महसूस करेंए यह सुनिश्चित किया जाये। किसान को फसल विक्रय में न्यूनतम समय लगे और अधिकतम् सुविधा मिलेए यह प्राथमिकता हो। उन्होंने एमआईएस का अवलोकन करते हुए कहा कि किसान को उपज का उचित मूल्य मिलेए मण्डियों के कार्य त्वरितए पारदर्शी तथा सटीकता से हो सकेंए इसके लिए नवीनतम तकनीकों के प्रयोग की संभावनाएँ तलाशी जाएँ। मंत्री श्री यादव ने मैदानी अमले के सुझावों तथा समस्याओं पर चर्चा करते हुए यथोचित कदम उठाने की बात कही। पदभार ग्रहण के पहले कृषि ऋण माफी से प्रसन्न किसानों ने मंत्री श्री यादव को पुष्पहार पहनाकर आभार माना।

## खाद्य मंत्री तोमर ने किया आकस्मिक निरीक्षण

भोपाल 06 जनवरी (ए) खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने भोपाल शहर के प्राथमिक उपभोक्ता भंडारों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर दुकान निलंबित करने तथा निम्न गुणवत्ता की सामग्री की जाँच के निर्देश अधिकारियों को दिए।

मंत्री तोमर ने कहा कि राशन दुकानों से गरीब व्यक्तियों को राशन की आपूर्ति की जाती है। इनके संचालन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तोमर ने भोपाल शहर में विधानसभा भवन के सामने स्थित वार्ड क्रमांक 31 के नगीना महिला प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार भीम नगर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राशन दुकान बंद पाए जाने पर मंत्री द्वारा अपने समक्ष दुकान खुलवाई गई। दुकान में निम्न गुणवत्ता के चावल.गेहूँ के वितरण की शिकायत स्थानीय नागरिकों द्वारा की गई थी। दुकान संचालक द्वारा स्टॉक पंजी का भी संधारण नहीं किया जा रहा था। मशीन पर थंब इंप्रेशन न आने की शिकायत भी स्थानीय नागरिकों द्वारा की गईए जिस पर मंत्री तोमर ने उपलब्ध सामग्री की सैंपलिंग करने और उपभोक्ता भंडार संचालन करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मंत्री तोमर ने वार्ड क्रमांक 23 के महिला प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। यहाँ भी निम्न गुणवत्ता की सामग्री के वितरण और समय पर दुकान न खुलने की शिकायत प्राप्त हुई।

## मॉनिटरिंग नहीं होने का लाभ उठा रहे गौशाला संचालक

भोपाल 06 जनवरी (ए) राजधानी की गौशालाओं व कांजी हाउस की मॉनीटरिंग नहीं होने का फायदा गौशाला संचालक व डेयरी संचालक उठाते हैं। अधिकांश संचालक रात में गाय को गौशालाओं में बंद कर देते हैं और सुबह उन्हें छोड़ देते हैं। गायों का रिकॉर्ड भी अपडेट करने की कोई व्यवस्था नहीं होती। कांजी हाउस में 15 दिनों तक गाय लेने वाला नहीं आता तो उन्हें गौशालाओं में छोड़ दिया जाता है। आश्चर्य की बात तो यह भी है कि पशुपालन विभाग में मवेशियों व पालतू जानवरों के लिए पांच साल में एक बार सर्वे का नियम है। गौमाताओं के संरक्षण के लिए भले ही शासन.प्रशासन ने गौशालाओं व कांजी हाउस की व्यवस्था की है लेकिन व्यवस्थाओं पर कई सवाल खड़े होते हैं। गौशालाओं का पशुपालन विभाग व कांजी हाउस नगर निगम द्वारा संचालन किया जाता है। दोनों ही विभागों में मॉनीटरिंग की व्यवस्था नहीं हैं। कागजी आधार पर ही दोनों विभागों द्वारा संरक्षण व संवर्धन का दावा किया जाता है। उधरए पशुपालन मंत्री लाखन सिंह यादव ने बताया कि प्रदेश में लचर व्यवस्थाओं को बदला जाएगा। जिले में 27 गौशालाएं व 7 कांजी हाउस का संचालन किया जा रहा है। गौशालाओं में 6.424 गाय आश्रित हैं। वहींए कांजी हाउस में 2100 गायों की क्षमता होने के बावजूद ढाई हजार से अधिक गायों को रखा गया है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार छह हजार से अधिक गाय सड़क पर ही गुजर बसर कर रही है। निगरानी व्यवस्था के अभाव में नगर निगम हो या पशुपालन विभाग दोनों ही भेजी गई जानकारी का सत्यापन नहीं करते।

दरअसल, कई कारणों से कांजी हाउस व गौशालाओं में गायों की संख्या में कमी व वृद्धि होती रहती है। निगम कर्मचारी व गौशाला संचालक द्वारा जो आंकड़े मांगने पर भेजे जाते हैं उन्हें सही मान लिया जाता है। लिहाजा दोनों ही स्थानों पर गौवंश की वास्तविक संख्या ही अधिकारियों को पता नहीं होती। शहर की अधिकांश सड़कों पर बेसहारा मवेशियों का कब्जा रहता है। जो आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। एसओएस बालग्राम के पास खजूरी कलां में मवेशियों के झंड से टकराने के कारण एक युवक की बीते गुरुवार को मौत हो गई थी। शहर में जिंसी, जहांगीराबाद, रातीबड़, रोड, अवधपुरी रोड, बागमुगलिया रोड, सतैया रोड, आनंद नगर, सुल्तानिया अस्पताल क्षेत्र जैसे कई स्थानों पर मवेशियों के होने के कारण कई समस्याएं होती है। इस संबंध में पशुपालन मंत्री लाखन सिंह यादव ने कहा कि जिन शहरी क्षेत्र में गोमाता की संख्या अधिक है वहां अतिरिक्त व्यवस्थाओं भी कराई जाएगी। साथ ही आवश्यकतानुसार नवीन गोशालाओं को भी खोला जाएगा। उन्होंने बताया कि पंचायत स्तर पर गोशाला निर्माण के लिए जमीन चिह्नित करने का आदेश सभी कलेक्टर को जारी किए गए हैं। प्रदेश में आधुनिक गोशालाओं का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गोशालाओं की अब तक बदहाल स्थिति रही है। विसंगतियों को दूर कर मानीटरिंग की व्यवस्था कराई जाएगी।

## सीटों की गणित में पिछड़े, लेकिन विश्वास हमारे साथ

भोपाल 06 जनवरी (ए) कांग्रेस की प्रदेश सरकार लंगड़ी है। इस वजह से सरकार पर कभी कोई दबाव डालता है तो कभी कोईण्ण्। टेंशन में काम कर रही सरकार अपने ही निर्णय बदलती रहती है। एक मंत्री दबाव बनाता है तो उसका विभाग बदल दिया जाता है। समझ में नहीं आ रहा है कि इस सरकार में असली मुख्यमंत्री कौन है। फैसले कौन ले रहा है। यह आरोप लगाए है प्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने। वे कल भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। शिवराज ने कहा कि सीटों के अंक गणित में भले ही हम पिछड़ गए होंए लेकिन जनता का ज्यादा विश्वास आज भी हमारे साथ है और यही हमारी पूंजी है। हम रुकने, झुकने और थकने वालों में से नहीं हैं। हमें निराश होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि हम संघर्षों में पले बढ़े हैं। सभी कार्यकर्ता अगले समर की तैयारी में जुटें। हमें हिसाब.किताब बराबर करना है।

शिवराज ने कहा कि मीसाबंदी लोकतंत्र के लिए लड़ने वाले वो सैनिक हैं, जिन्होंने कांग्रेस सरकार की तानाशाही के आगे घुटने नहीं टेके। अब कांग्रेस की सरकार इन लोकतंत्र सेनानियों की सम्मान निधि को बंद करना चाहती है। उन्होंने कहा कि ऐसा करके कांग्रेस इमरजेंसी के कलंक को झुठलाना चाहती है, लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। शिवराज ने कहा, मैंने कहा था कि क्यों चिंता करते होए टाइगर अभी जिंदा है।

## सोशल.डिजिटल मीडिया सहित सभी प्रचार माध्यमों का जनसंपर्क प्रभावी उपयोग करें

**जनसंपर्क मंत्री शर्मा ने विभाग का प्रेजेन्टेशन देखा**

भोपाल 06 जनवरी (ए) जनसंपर्क विधि.विधायी कार्य मंत्री श्री पीण्सीण् शर्मा ने गत दिवस मंत्रालय में जनसंपर्क विभाग की प्रथम बैठक में विभागीय संरचनाए कार्य.प्रणाली एवं गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विभाग संचार के आधुनिक माध्यमों को अपनायें और प्रदेश सरकार द्वारा जारी वचन.पत्र पर प्रभावी रूप से अमल हों।

जनसंपर्क मंत्री श्री पीसी शर्मा ने गत दिवस भोपाल में जनसंपर्क विभाग का कार्यभार ग्रहण कर मंत्रालय में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। जनसंपर्क मंत्री ने कहा कि शासन की मंशानुरूप विभाग कार्य करें और सरकार की गतिविधियों का सोशल.डिजिटल मीडिया सहित जनसंचार के सभी माध्यमों पर प्रभावी प्रचार.प्रसार किया जाये। श्री शर्मा ने जीटीबी काम्प्लेक्स न्यू मार्केट स्थित सूचना केन्द्र लायब्रेरी की समय अवधि बढ़ाने के लिए कहा।

बैठक में आयुक्त एवं सचिव जनसंपर्क श्री पी नरहरि ने प्रेजेन्टेशन के माध्यम से विभागीय गतिविधियों एवं संरचना को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि वचन.पत्र में जनसंपर्क विभाग से संबंधित सभी बिन्दुओं पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई हैए जिसके प्रस्ताव तुरंत प्रस्तुत किये जाएंगे।

इसके पहले आज सुबह जनसंपर्क मंत्री श्री शर्मा के मंत्रालय स्थित अपने कक्ष पहुँचने पर सचिव एवं आयुक्त जनसंपर्क श्री पीण् नरहरि और विभागीय अधिकारियों ने जनसंपर्क मंत्री का पुष्प.गुच्छ भेंट कर स्वागत किया एवं शुभकामनाएं दी। मंत्री श्री शर्मा ने अधिकरियों से परिचय भी प्राप्त किया।

## करोंद सब्जी मंडी से 3 क्विंटल से अधिक पॉलिथिन कैरी बैग जब्त

भोपाल 06 जनवरी (ए) नगर निगम भोपाल द्वारा राजधानी में प्रतिबंधित पॉलिथिन के उपयोग को रोकने हेतु नागरिकों को जागरुक करने के साथ ही पॉलीथिन के कैरी बैग का भण्डारण एवं विक्रय करने वालों के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है। निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने करोंद स्थित सब्जी मंडी में हाथ ठेलों पर तथा फुटपाथ पर रखकर पॉलीथिन के कैरी बैग आदि का विक्रय करने वालों से 3 क्विंटल 740 किण्ग्राण् प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त करने की कार्यवाही की। पर्यावरण की सुरक्षा के दृष्टिगत निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा की गई इस कार्यवाही के दौरान जोन क्रमांक 3ए 4ए 16 एवं 17 के प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद थे।

## 9 मार्च को उपभोक्ता मामलों की लोक अदालत

भोपाल 06 जनवरी (ए) कई वर्षों से लंबित 22000 प्रकरणों के निराकरण के लिए उपभोक्ता आयोग द्वारा 9 मार्च को लोक अदालत आयोजित की गई है। इसमें विभिन्न जिलों के लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा अर्थात भोपाल जिले में लगभग 3000 प्रकरण लंबित हैं। मध्यप्रदेश में लंबित प्रकरणों की संख्या लगभग 22000 हैं। फ्रेम के रजिस्टर हर्दे सिर्फ के अनुसार 9 मार्च को लोक अदालत के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा प्रकरणों का निराकरण कराया जाएगा।

## संपत्ति के लिए कलियुगी बेटे की मां की पिटाई, फिर जिंदा जला डाला

भुवनेश्वर 6 जनवरी। एक बार फिर से इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। ओडिशा में मां के प्रति एक कलयुगी बेटे का क्रूर चेहरा सामने आया है। जिसने संपत्ति के लिए मां को ही मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने बताया कि शनिवार को ओडिशा के मलकानगिरी में 30 साल के एक बेटे ने अपनी ही मां को कथित तौर पर जिंदा जला दिया। बताया जाता है कि मलकानगिरी जिले में मोटू पुलिस थाने इलाके में एमपीवी.55 गांव में संपत्ति विवाद की वजह से बेटे ने इस घटना को अंजाम दिया है। मृतक महिला की पहचान 55 साल की गीता मंडल के रूप में हुई है। जिसकी मौत आग में बुरी तरह जलने से हुई है। पुलिस ने बेटे तपस मंडल को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिकए तपस मंडल और उसकी मां के बीच एक संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद को लेकर एक दिन तपस मंडल ने अपनी मां की पहले जम तक पिटाई की और फिर उसे जिंदा जला कर मार डाला। पुलिस ने इस मामले मामले में जांच शुरू कर दी है। दरअसलए संपत्ति विवाद में बेटे द्वारा मां की हत्या का मामला यह पहली बार सामने नहीं आया है। बल्कि पिछले साल भी यूपी में ऐसा ही एक मामला सामने आया था। उत्तरप्रदेश के बलरामपुर में ललियां थानाक्षेत्र के अंतर्गत एक कलयुगी बेटे ने जमीन बेचने से इनकार करने पर अपनी मां को लाठी से पीट.पीट कर मौत के घाट उतार दिया था।

## योग मानव जाति के कल्याण के लिये सर्वोत्तम उपहार

**राज्यपाल द्वारा इंदौर में 7वें अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव का शुभारंभ**

भोपाल 06 जनवरी (ए) राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल ने कहा है कि योग मानव जाति के कल्याण के लिये सर्वोत्तम उपहार है। योग से तन.मनए संस्कारों और विचारों की शुद्धता होती है। योग से जीवन में सकारात्मक बदलाव भी आता है। योग समाज में राष्ट्रीयता एवं सद्भाव का वातावरण बनाने में भी मददगार साबित हुआ है । राज्यपाल श्रीमती पटेल आज इंदौर में 7वें अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रही थीं। राज्यपाल ने डाक विभाग द्वारा प्रकाशित विशेष आवरण और डॉ. ओमनंद गुरुजी द्वारा लिखित पुस्तिका श्योग द ओल्टीमेट साइंसश तथा स्कूल ऑफ कॉमर्स की पुस्तिका दिशा का विमोचन किया।

राज्यपाल श्रीमती पटेल ने कहा कि योग किसी सरकार या संयुक्त राष्ट्र संघ का अविष्कार नहीं हैए बल्कि यह दुनिया के अब तक के सबसे बड़े ज्ञान आधारित अभियान का प्रतिबिंब है। उन्होंने योग विद्या को शिक्षा व्यवस्था के साथ जोड़े जाने पर जोर दिया।

प्रारंभ में परमानंद योग ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. ओमनंद गुरुजी ने महोत्सव के आयोजन की रूपरेखा बताई। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में योग से अंधकार दूर होता है और तनाव से मुक्ति मिलती है। उन्होंने प्रतिदिन योग करने का आग्रह किया।

राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल ने चिकित्सकों का आव्हान किया है कि वे सामाजिक दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें। चिकित्सक को इलाज करते समय गरीबों का विशेष ध्यान रखना है। उन्होंने चिकित्सकों से ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाएँ देकर आदर्श प्रस्तुत करने की भी बात कही। राज्यपाल श्रीमती पटेल आज इंदौर में बिलियंट कन्वेंशन सेंटर में फेडरेशन ऑफ फेमिली फिजिशियन कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि 75 प्रतिशत आबादी महिला और बच्चों की है जिस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने एड्स और कैंसर के टीके की खोज की आवश्यकता भी बताई।

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज इंदौर में राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल से सौजन्य भेंट कर प्रयागराज महाकुंभ में आने का आमंत्रण दिया।

## अस्पतालों में समय पर चिकित्सकों और स्टॉफ की मौजूदगी रहे

**मंत्री सिलावट ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा**

भोपाल06 जनवरी (ए) लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार पर विशेष ध्यान दिये जाने की जरूरत है। हम बदलाव चाहते हैं और प्रदेश की जनता को स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर बदलाव दिखना चाहिये। मंत्री सिलावट ने निर्देश दिये कि सभी अस्पतालों में समय पर चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टॉफ की मौजूदगी रहे। अस्पताल परिसर में साफसफाई और पेयजल आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित हो। जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी और अस्पताल के सिविल सर्जन इन व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करें। सिलावट आज मंत्रालय में विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे।

मंत्री श्री सिलावट ने स्वास्थ्य आयुक्त श्रीमती पाव्रश्री जैन गोविल से कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को आम नागरिकों तक बेहतर ढंग से पहुँचाने में किसी किस्म की लापरवाही और सुस्ती को बर्दाश्त नहीं किया जाये। उन्होंने स्वास्थ्य आयुक्त से कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों को समय.समय पर औचक निरीक्षण करना चाहियेए जिससे वास्तविक स्थिति की जानकारी मिले और जहाँ सुधार की जरूरत हैए वहाँ सुधार किया जा सके। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि वह स्वयं अस्पतालों का निरीक्षण करेंगे। अस्पतालों में दिये गये निर्देशों के अनुसार की गयी व्यवस्थाएँ नहीं पाये जाने पर और चिकित्सकों के गैर.हाजिर मिलने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्यवाही भी की जायेगी।